**कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक,**

**उलन बटार रोड, पालम, दिल्ली छावनी-110010**

**विषय : रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय की दिनांक 30 मार्च, 2017 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का कार्यवृत्त।**

********

इस मुख्यालय कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक दिनांक 30 मार्च, 2017 को श्री नीरज कुमार गायागी, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया :

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री राजेश शर्मा<br>वरिष्ठ लेखा अधिकारी (लेप.-पें) | सदस्य |
| 2. | श्री जितेन्द्र जोशी<br>वरिष्ठ लेखा अधिकारी (लेप.-12) | सदस्य |
| 3. | श्री आर. रंगनाथन,<br>वरिष्ठ लेखा अधिकारी(प्रशा.) | सदस्य |
| 4. | श्री राजू प्रसाद, वरिष्ठ लेखा अधिकारी<br>(सूचना प्रौद्योगिकी एवं प्रणाली) | सदस्य |
| 5. | श्री उपेन्द्र कुमार,<br>वरिष्ठ लेखा अधिकारी (लेप.-समन्वय) | सदस्य |
| 6. | श्री संजीव.जे. बजाज,<br>वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा.-4/7) | सदस्य |
| 7. | श्री विश्वजीत गंडोत्रा,<br>वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा.-11) | सदस्य |
| 8. | श्री सुनील कुमार सिंह,<br>लेखा अधिकारी (लेप.-समन्वय) | सदस्य |
| 9. | श्री श्रीनिवास शर्मा,<br>सहायक निदेशक (रा.भा.) | सदस्य सचिव |

अन्य उपस्थिति :

1. श्री पंकज दलाल, कनिष्ठ अनुवादक
2. श्री संदीप बोस, कनिष्ठ अनुवादक

सदस्य सचिव द्वारा अध्यक्ष महोदय का स्वागत करने के उपरांत बैठक की कार्यवाही आरम्भ हुई। बैठक में निम्नलिखित मदों पर विचार-विमर्श किया गया :-

**मद सं.:1 दिनांक 20 जनवरी, 2017 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि:**

समिति को सूचित किया गया कि पिछली बैठक का कार्यवृत्त दिनांक 30 जनवरी, 2016 के पत्र सं. 55018/5/81/हि.क./रा.भा.का.स./मु.का./27 के अंतर्गत सभी संबंधितों की जानकारी एवं यथा अपेक्षित कार्रवाई हेतु रक्षा लेखा महानियंत्रक की वैबसाइट पर अपलोड कर दिया गया था। किसी भी सदस्य से कोई आपत्ति अथवा सुझाव प्राप्त न होने पर समिति द्वारा सर्व सम्मति से कार्यवृत्त की पुष्टि कर दी गई।

**मद सं.: 2 पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर कार्रवाई :**

i) रजिस्टरों में हिंदी में प्रविष्टियां :

समिति को सूचित किया गया कि पिछली बैठक में निर्णय लिया गया था कि सभी अनुभागों द्वारा हिंदी के आवक-जावक रजिस्टर अनिवार्य रूप से खोलें जाएं। हस्ताक्षरकर्ता अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि रजिस्टरों एवं फाइलों पर शीर्षक द्विभाषी रूप में लिखे गए हैं एवं तिमाही रिपोर्ट के आंकड़ें अभिलेख आधारित हैं।

समिति ने सुझाव दिया कि सभी अनुभागों द्वारा इस आदेश का दृढ़ता से पालन किया जाए।

**(कार्रवाई : सभी अनुभाग(स्थानीय))**

ii) पिछली बैठक में निर्णय लिया गया था कि सर्वप्रथम पर्याप्त मात्रा में स्तरीय रचनाएं मंगवा ली जाएं। तत्पश्चात हिंदी पखवाड़े के अवसर पर 'रक्षा लेखा भारती' के 'ई' प्रकाशन पर विचार किया जाए। सदस्य सचिव ने सूचित किया कि रचनाएं मंगवाने हेतु कार्रवाई की जा रही है।

इस संबंध में समिति ने सुझाव दिया कि 'रक्षा लेखा भारती' के प्रकाशन हेतु दिल्ली स्थित सभी रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक/नियंत्रक कार्यालयों तथा प्रधान एकीकृत वित्तीय सलाहकार/एकीकृत वित्तीय सलाहकार कार्यालयों से रचनाएं मंगवाई जाएं। इस संबंध में रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक की ओर से अर्धशासकीय पत्र भेजा जा सकता है। इसके अतिरिक्त, मुख्यालय कार्यालय के सभी वरिष्ठ लेखा अधिकारियों/लेखा अधिकारियों और उनके परिवार के सदस्यों द्वारा भी रचनाएं प्रकाशन हेतु हिन्दी कक्ष को दी जा सकती हैं।

**(कार्रवाई : हिंदी कक्ष (स्थानीय))**

iii) सदस्य सचिव ने सूचित किया कि पिछली बैठक में निर्णय लिया गया था कि मुख्यालय कार्यालय के राजभाषा संबंधी विविध एवं विस्तृत कार्य क्षेत्र को देखते हुए हिंदी कक्ष में एक अतिरिक्त कर्मचारी तैनात किया जाए।

इस संबंध में अध्यक्ष महोदय हिंदी आशुलिपिकों को क्रम से हिंदी कक्ष में तैनात करने हेतु आदेश दिए।

**कार्रवाई : प्रशा.-4(स्थानीय)**

**मद सं: 3 सितम्बर, 2016 तथा दिसम्बर, 2016 की हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित तिमाही प्रगति रिपोर्टों की समीक्षा :**

सदस्य सचिव ने सितम्बर, 2016 तथा दिसम्बर, 2016 तिमाहियों की हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित प्रगति रिपोर्टों के आंकड़े प्रस्तुत किए तथा सूचित किया कि हिंदी की तिमाही प्रगति रिपोर्टों की समीक्षा करने पर पाया गया कि निम्नलिखित कार्यालयों के हिन्दी पत्राचार में पिछली तिमाही के मुकाबले गिरावट दर्ज की गई है।

| क्र. सं. | संगठन का का नाम | भेजे गए हिंदी पत्रों की प्रतिशतता | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | क क्षेत्र | | ख क्षेत्र | | ग क्षेत्र | |
| | | 09/16 | 12/16 | 09/16 | 12/16 | 09/16 | 12/16 |
| 1. | रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक नई दिल्ली | 90.53% | 90.50% | - | - | - | - |
| 2. | रक्षा लेखा नियंत्रक, (वा.से.), नई दिल्ली | - | - | 97.29% | 94.20% | 91.93% | 90.47% |
| 3. | रक्षा लेखा नियंत्रक जबलपुर | | | 85.76% | 85.26% | 75.71% | 75.59% |
| 4. | रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक, (द.प.क.), जयपुर | 95.07% | 94.08% | - | - | - | - |
| 5. | रक्षा लेखा नियंत्रक, (आई.डी.एस), नई दिल्ली | - | - | 34.28% | 33.33% | - | - |
| 6. | रक्षा लेखा नियंत्रक, (सी.एस.डी),मुम्बई | 95% | 94% | - | - | - | - |
| 7. | रक्षा लेखा नियंत्रक (प्रशिक्षण), पुणे | - | - | - | - | 85.96% | 80.43% |
| 8. | रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक, बेंगलुरु | - | - | - | - | 55.50% | 55.31% |
| 9. | रक्षा लेखा नियंत्रक, चेन्नई | - | - | - | - | 56.70% | 56.62% |
| 10 | रक्षा लेखा नियंत्रक (अनु. एवं वि.), हैदराबाद | - | - | 62.19% | 61.84% | 62.29% | 62.22% |

सदस्य सचिव ने सूचित किया कि इस संबंध में संबंधित कार्यालयों को पत्र जारी कर दिया गया है। मुख्यालय कार्यालय में भी कई अनुभाग निर्धारित लक्ष्य से अभी पीछे हैं।

अध्यक्ष महोदय ने आदेश दिए कि सभी प्रभारी अधिकारी व्यक्तिगत रूप से सुनिश्चित करें कि हिंदी में अधिकाधिक कार्य हो।

**(कार्रवाई: सभी र.ले.प्र.नि./र.ले.नि कार्यालय एवं मुख्यालय कार्यालय के सभी अनुभाग/हिंदी कक्ष)**

**मद सं.:4 हिंदी प्रशिक्षण की स्थिति :**

सदस्य सचिव ने समिति को सूचित किया कि मुख्यालय कार्यालय में 24 आशुलिपिक तथा 13 लिपिक(सीधी भर्ती द्वारा) तैनात हैं जिनमें से 23 आशुलिपिकों तथा 13 हिंदी लिपिकों को क्रमशः हिंदी आशुलिपि एवं हिंदी टंकण का ज्ञान प्राप्त है। शेष 01 आशुलिपिक को हिंदी आशुलिपि हेतु अगले सत्र में नामित किया जाएगा। केन्द्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित हिंदी टंकण पत्राचार पाठ्यक्रम के अंतर्गत एमटीएस से पदोन्नत हुए लिपिकों में से जिन 04 लिपिकों को हिंदी टंकण प्रशिक्षण हेतु नामित किया गया है, उन्हें मुख्यालय के हिंदी कक्ष में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सदस्य सचिव ने समिति को सूचित किया कि हिंदी टंकण पत्राचार पाठ्यक्रम के माध्यम से लिपिकों को प्रशिक्षण देने में बहुत सकरात्मक परिणाम मिले हैं।

समिति ने इस पर संतोष प्रकट किया।

**मद संख्या : 5 हिंदी कार्यशाला का आयोजन**

सदस्य सचिव द्वारा समिति को सूचित किया गया कि दिनांक 31.03.2017 को मुख्यालय कार्यालय के लेखापरीक्षकों/लिपिकों के लिए हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें संघ की राजभाषा नीति, हिन्दी में मूल टिप्पण-आलेखन, तिमाही प्रगति रिपोर्ट आदि विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। सदस्य सचिव ने समिति के समक्ष यूनिकोड संबंधी कार्यशाला आयोजित करने का प्रस्ताव भी रखा।

इस संबंध में अध्यक्ष महोदय ने आदेश दिया कि कार्यालय के किसी कक्ष में स्थायी रूप से लगभग 10 कम्प्यूटर स्थापित कर दिए जाएं ताकि यूनिकोड संबंधी कार्यशालाएं आयोजित की जाती रहें।

**(कार्रवाई : हिंदी कक्ष/सू.प्रौ. एवं प्र. कक्ष (स्थानीय))**

**मद संख्या: 5 रक्षा लेखा विभाग में हिंदी पदों की स्थिति :**

वर्तमान में विभाग में हिंदी संवर्गीय प्राधिकृत पदों की स्थिति निम्न प्रकार है :

| | स्वीकृत पद | भरे गए पद | रिक्त पद |
|---|---|---|---|
| **सहायक निदेशक(राजभाषा)** | 37 | 13 | 24 |
| **वरिष्ठ अनुवादक** | 35 | 35 | - |
| **कनिष्ठ अनुवादक** | 70 | 56 | 14 |

सदस्य सचिव ने सूचित किया कि

i) विभाग में वर्तमान में सहायक निदेशक(राजभाषा) के 24 पद रिक्त हैं। इस परिप्रेक्ष्य में प्रशासन अनुभाग के प्रतिनिधि ने समिति को सूचित किया कि सहायक निदेशक(रा.भा.) के भर्ती नियमों में संशोधन से संबंधित प्रस्ताव प्रशिक्षण एवं कार्मिक विभाग के पास विचाराधीन है।

इस संबंध में मंत्रालय के दिनांक 07 मार्च 2017 के पत्र संख्या ई-11011/02/2017-हिंदी का उल्लेख किया गया और अनुरोध किया गया कि प्रशासन अनुभाग इस मद पर शीघ्र कोई निर्णय लें।

अध्यक्ष महोदय ने प्रशासन अनुभाग के प्रभारी अधिकारी को निर्देश दिया कि इस संबंध में त्वरित कार्रवाई करें।

ii) कनिष्ठ अनुवादकों के लगभग 56 पद भरे हुए हैं।
अध्यक्ष महोदय ने संबंधित प्रशासन अनुभाग के प्रतिनिधि को 14 रिक्त पदों की भर्ती हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के निदेश दिए।

**(कार्रवाई : प्रशा-2/प्रशा-8(स्थानीय))**

**मद संख्या : 6 रक्षा लेखा विभाग में राजभाषा नीति का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए रक्षा लेखा विभाग के कार्यालयों का निरीक्षण :**

सदस्य सचिव ने समिति को बताया कि इस मुख्यालय कार्यालय द्वारा निरीक्षण संबंधी वार्षिक लक्ष्य पूरा कर लिया गया है। वर्ष 2016-17 में निम्नलिखित कार्यालय का राजभाषा संबंधी निरीक्षण किया गया :

| क्रम सं. | कार्यालय का नाम | निरीक्षण की तारीख |
|---|---|---|
| 1. | र.ले.प्र.नि. जी ब्लॉक, नई दिल्ली | 17.05.2016 |
| 2. | र.ले.प्र.नि. (अनु.एवं वि.), हैदराबाद | 08.06.3016 |
| 3. | र.ले.प्र.नि. (वायुसेना), देहरादून | 30.06.2016 एवं 01.07.2016 |
| 4. | र.ले.नि., सिकंदराबाद | 11.08.2016 |
| 5. | र.ले.नि. जबलपुर | 06.10.2016 एवं 07.10.2016 |
| 6. | प्रधान लेखा नियंत्रक(फै.), कोलकाता | 26.12.2016 एवं 27.12.2016 |
| 7. | र.ले.प्र.नि.(द.क.), पुणे | 17.01.2017 |
| 8. | र.ले.प्र.नि.(अफसर), पुणे | 16.02.2017 |
| 9. | र.ले.प्र.नि.(अनु. एवं.वि.),नई दिल्ली | 20.03.2017 एवं 21.03.2017 |

**मद संख्या : 7 संसदीय राजभाषा समिति द्वारा निरीक्षण :**

संसदीय राजभाषा समिति द्वारा इस वित्तीय वर्ष में निम्नलिखित कार्यालयों का निरीक्षण उनके समक्ष दर्शाई गई तारीखों को किया गया :

| क्र.सं. | कार्यालय का नाम | निरीक्षण की तारीख | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 1. | लेखा कार्यालय, आयुध निर्माणी, मुरादनगर | 06.06.2016 | संबंधित कार्यालय से प्राप्त अनुवर्ती कार्रवाई की समीक्षा के उपरांत सचिवालय भेजने हेतु मंत्रालय को प्रेषित कर दी गई है। |
| 2. | रक्षा पेंशन संवितरण कार्यालय, शिमला | 08.06.2016 | |
| 3. | स्थानीय लेखापरीक्षा (सेना), शिमला | 09.06.2016 | संबंधित कार्यालय से अनुवर्ती कार्रवाई प्राप्त हो चुकी है, जिसे समीक्षा के उपरांत आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित कार्यालय को वापस भेज दिया गया है। |
| 4. | लेखा कार्यालय, सहायक दुर्ग अभियंता, मनाली | 15.06.2016 | निरीक्षण के दोरान उक्त कार्यालयों के कार्यालय प्रमुखों द्वारा दिए गए आश्वासनों की सूची प्राप्त हो गई हैं। संबंधित कार्यालयों को अनुवर्ती कार्रवाई हेतु आश्वासन भेज दिए गए हैं। उनसे अनुवर्ती कार्रवाई की सूचना प्राप्त होने पर इसे समीक्षा के उपरांत समिति सचिवालय को भेजने हेतु मंत्रालय को भेज दिया जाएगा। |
| 5. | रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक, 'जी' ब्लॉक, नई दिल्ली | 17.06.2016 | संबंधित कार्यालय से अनुवर्ती कार्रवाई प्राप्त हो चुकी है, जिसे समीक्षा के उपरांत आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित कार्यालय को वापस भेज दिया गया है। |
| 6. | वेतन लेखा कार्यालय (अ.श्रे.) जी.आर.सी., लैंसडाउन | 22.10.2016 | संसदीय राजभाषा समिति द्वारा उक्त कार्यालयों के निरीक्षण के दौरान कार्यालय प्रमुख द्वारा समिति को दिए गए आश्वासनों की सूची अभी प्रतीक्षित है। सूची प्राप्त होने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। |
| 7. | वेतन लेखा कार्यालय(अ.श्रे.) के.आर.सी., रानीखेत | 24.10.2016 | |
| 8. | लेखा कार्यालय (नौ सेना), गोवा | 31.12.2016 | |
| 9. | स्थानीय लेखापरीक्षा अधिकारी (सेना) औरंगाबाद | 19.01.2017 | |
| 10. | रक्षा लेखा नियंत्रक (सेना), मेरठ | 01.03.2017 | संसदीय राजभाषा समिति द्वारा उक्त कार्यालयों के निरीक्षण के दौरान कार्यालय प्रमुख द्वारा समिति को दिए गए आश्वासनों की सूची अभी प्रतीक्षित है। सूची प्राप्त होने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी |
| 11. | लेखा कार्यालय, सहायक दुर्ग अभियंता, मनाली | 03.03.2017 | |

**(कार्रवाई : हिंदी कक्ष एवं संबंधित रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक/रक्षा लेखा नियंत्रक)**

**मद संख्या : 8 अध्यक्ष महोदय के अनुमति से अन्य विषय :**

कार्यालय नियम-पुस्तकों का हिंदी अनुवाद :

समिति के एक सदस्य ने सूचित किया कि विभाग में उपलब्ध विभिन्न कोड/मैनुअल अनुवाद हेतु केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो, नई दिल्ली को भेजे जाते हैं परन्तु कई बार इनका अनुवाद प्राप्त होने में लंबा समय लग जाता है।

इसके संज्ञान लेते हुए अध्यक्ष महोदय ने निर्देश दिया कि इस संबंध में केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो, नई दिल्ली से पत्राचार किया जाए।

**(कार्रवाई : हिंदी कक्ष)**

**(श्रीनिवास शर्मा)**
**सहायक निदेशक (राजभाषा) सह सदस्य सचिव**